संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र आवाज़ पृष्ठ 10 दिनांक 23/03/2021

...535@gmail.com

**मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण**

# जल जीवन मिशन से एक वर्ष में जिले के 36 हजार से ज्यादा घरों में पहुंचाया गया नल से जल

रतलाम। रतलाम जिले में शासन के जल जीवन मिशन का युद्ध स्तर पर क्रियान्वयन जारी है। मध्यप्रदेश शासन के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। उक्त अवधि में जल जीवन मिशन से जिले के 36 हजार से ज्यादा घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। मिशन का उद्देश्य जिले के प्रत्येक घर में नल से जल उपलब्ध कराना है। अब तक एक लाख से ज्यादा घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। शासन ने खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों की उन महिलाओं के दुखं-दर्द को समझा है जिनको दूरदराज से अपने घर के लिए पानी लाना पड़ता है। महिलाओं की परेशानी को खत्म करने के लिए तेजी से जल जीवन मिशन पर काम किया जा रहा है। मिशन की प्रगति की नियमित समीक्षा कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड द्वारा की जा रही है, ताकि समयसीमा में लक्ष्य अर्जित किया जा सके।

रतलाम जिले में 2 लाख 54 हजार 915 घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 1 लाख 2 हजार से ज्यादा घरों में घरेलू नल-जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। जिले के 242 गांवों को वर्ष 2021 के लिए चिन्हांकित किया गया है जहां चालू वर्ष में नल से जल प्रत्येक घर में पहुंचाना है। इस लक्ष्य के विरुद्ध 80 गांवों में नल से जल प्रत्येक घर में पहुंचाया जा चुका है। जिले के आलोट विकासखण्ड में 14 हजार 293 घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। बाजना में 8 हजार 279, जावरा में 18 हजार 174, पिपलौदा में 20 हजार 200, रतलाम में 31 हजार 900, सैलाना विकासखण्ड में 8 हजार 160 घरों में नल के माध्यम से जल पहुंचाया जा चुका है।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 291 रेट्रोफिटिंग नल जल योजना तैयार की गई है, इनमें से 287 योजनाओं को तकनीकी स्वीकृति दे दी गई है। जिला समिति द्वारा 160 योजनाओं का अनुमोदन किया जा चुका है, इनमें से 160 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है और सभी 160 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गई है। इनमें से 130 निविदाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही 104 योजनाओं में एजेंसी के साथ अनुबंध किया जा चुका है। अनुबंध सम्पादित सभी योजनाओं पर कार्य आरम्भ हो चुका है।

जल जीवन मिशन में घरों के साथ-साथ स्कूलों, आंगनवाड़ियों में भी पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। जिले के 2016 स्कूलों में नल के माध्यम से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। इनमें से 1127 स्कूलों में नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इसी प्रकार 1161 आंगनवाड़ियों में से 586 आंगनवाड़ियों के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं। जिले के 1594 स्कूलों के लिए योजना स्वीकृत कर दी गई है। इसके अलावा 1066 आंगनवाड़ियों के लिए भी योजना हेतु स्वीकृति दी गई है।

## कोरोना पर होम मिनिस्ट्री की नई गाइडलाइंस

# राज्य अपने हिसाब से लगा सकते हैं पाबंदी

- राज्यों को टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट पॉलिसी की दी सलाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह से सतर्क हो गई है। एक तरफ कैबिनेट ने 45 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को टीका लगाने के अभियान को 1 अप्रैल से शुरू करने को मंजूरी दी है तो वहीं एक अप्रैल से ही नई गाइडलाइंस भी लागू करने का फैसला लिया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी गाइडलाइंस में राज्य सरकारों को टैस्ट, ट्रैक और ट्रीट की पॉलिसी को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया गया है। नई गाइडलाइंस एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक के लिए लागू होंगी। केंद्र ने राज्यों से टेस्टिंग को भी बढ़ाने की बात कही है और पॉजिटिव आए लोगों का इलाज सुनिश्चित करने को कहा है।

### • जिला, शहर और वार्ड लेवल तक में सख्ती कर सकते हैं राज्य

मंत्रालय ने कहा है कि कंटेनमेंट जोन में नियमों के पालन के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही राज्य सरकारों की ओर से तय की जाएगी। वर्कप्लेसेज पर भी जरूरी नियमों को तय करने का अधिकार राज्यों को दिया गया है। यही नहीं मास्क, हैंड हाइजीन, सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों में सख्ती और फाइन तय करने का हक भी राज्यों के पास होगा। इसके अलावा राज्यों को जिला, तहसील और शहर या वार्ड के लेवल पर भी कोरोना से जुड़ी पाबंदियां तय करने का अधिकार दिया गया है। केंद्र सरकार ने भले ही टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट पॉलिसी के जरिए कोरोना गाइडलाइंस को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया है।

प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– सिंघम टाइम्स पृष्ठ 2 दिनांक 23/03/2021

# कोरोना इफेक्ट : 11 बजते ही प्रदेश भर में बजा सायरन

## सीएम शिवराज ने भोपाल में 11 बजे कर्फ्यू वाली माता मंदिर पहुंचकर अभियान की शुरुआत की

**भोपाल • एजेंसी**

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच मंगलवार सुबह 11 बजे 2 मिनट के लिए मध्य प्रदेश में सायरन बजाया गया। सायरन बजते ही लोगों को रोक कर मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया गया। भोपाल में खुद हरूशिवराज सिंह चौहान इस अभियान में शामिल हुए। उन्होंने दुकान के बाहर गोले बनाए। भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, छिंदवाड़ा समेत सभी शहरों में जनप्रतिनिधि और अफसर सड़क पर उतरे। हर जगह 2 मिनट का सायरन बजाकर लोगों को मास्क पहनने के लिए जागरूक किया गया।

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कर्फ्यू वाली माता के मंदिर सुबह 11बजे पहुंचकर मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क अभियान की शुरुआत की। शिवराज खुद मास्क लगाकर पहुंचे और लोगों को मास्क पहनने के लिए जागरूक किया। दुकान के बाहर गोले बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग के लिए भी प्रेरित किया गया। हरू शिवराज के निर्देश पर आज से ही रोको टोको अभियान भी शुरू हो गया।



### शिवराज की अपील

सीएम ने सभी व्यापारियों से मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंस का पालन करने की अपील भी की है। हरूशिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में एक बार फिर कोरोना का जोर बढ़ रहा है। इंदौर और भोपाल से कोरोना के अधिक मामले सामने आ रहे हैं। अपनी सुरक्षा अपने हाथ में है। कोरोना से बचाव चाहिए, तो सभी को मास्क लगाना होगा।

### गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मास्क बांटे

23 मार्च को पूरे प्रदेश में एक साथ सायरन बजाने के साथ ही मास्क लगाए रखने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम शुरू हुआ। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा सुबह 10-45 बजे न्यू मार्केट के हनुमान मंदिर पहुंच गए। वे प्रदेश से कोरोना के खात्मे के लिए हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद 11 बजे न्यू मार्केट में मास्क लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इंदौर के राजवाड़ा पर विधायक आकाश विजयवर्गीय के साथ आईजी हरिनारायणचारी मिश्रा, संभागायुक्त पवन शर्मा, कलेक्टर मनीष सिंह सभी ने मेरी सुरक्षा, मेरा मास्क अभियान की शुरुआत की।

सिंघम 23

**फिर खतरनाक होते जा रहे हालात**

## बढ़ रही पाबंदियां, यूपी में भी स्कूलों पर ताला

**नई दिल्ली • एजेंसी**

कोरोना वायरस के प्रसार से हालात फिर खतरनाक होते जा रहे हैं। महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक समेत पांच राज्यों ने भारत में संक्रमण को बेकाबू कर दिया है। इन राज्यों में ही अकेले 80 फीसद से अधिक नए मामले हैं। देश में पिछले 24 घंटे में में कोरोना के 40 हजार से अधिक नए मामले आने के बाद कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 1.16 करोड़ हो गई हुई। कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कई राज्य सरकारों ने नाइट कर्फ्यू लगा दिया है, जबकि कुल ने लॉकडाउन की घोषणा की है। इसके अलावा स्कूलों में होने वाली ऑफलाइन क्लासेज को एहतियातन बंद कर दिया गया है।

कोरोना की रफ्तार को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने नागपुर में 31 मार्च लॉकडाउन लगाया है। इसके अलावा पुणे, औरंगाबाद और अमरावती समेत कई जगहों पर नाइट कर्फ्यू लगा हुआ है। महाराष्ट्र के अलावा पंजाब, गुजरात में भी पाबंदियां लगाई गई हैं। गुजरात के अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट में 31 मार्च तक नाइट कर्फ्यू है, जबकि पंजाब के लुधियाना, पटियाला, होशियारपुर, जालंधर और फतेहगढ़ साहिब सहित कई शहरों में रात 9 से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नवभारत–पृष्ठ २२ दिनांक २५/०३/2021

# अधिकारी सड़कों पर ...दुकानों के आगे बनाए गोले, नियम तोड़ने पर कार्रवाई

रतलाम। वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाते हुए मंगलवार से रतलाम जिले में भी विशेष जागरूकता अभियान शुरू हुआ। प्रातः 11 बजे वाहनों से सायरन के साथ सभी 2 मिनट

**▸ कलेक्टर, एसपी ने बगैर मास्क पहने व्यक्तियों को दी समझाइश**

के लिए रुके और कोरोना के विरुद्ध जनजागरण का संकल्प लिया।

जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं आमजनों ने मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ खड़े होकर जिलेवासियों को संदेश दिया कि वैश्विक महामारी कोरोना फिर से पाँव पसार रही है इसलिए खुद भी मास्क लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। साथ ही सदैव एक-दूसरे से दो गज की दूरी बनाएं रखें और अपने हाथों को नियमित रूप से सेनेटाइज करें अथवा साबुन से धोते रहें। कोरोना के खात्मे के लिए अपनी बारी आने पर कोरोना का टीका जरूर लगवाएं। जनजागरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, नगर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार अनीता चोकोटिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी सहित अन्य अधिकारी एवं शहरवासी मौजूद थे।



दुकान के संचालक से बगैर मास्क पाए जाने पर पेनल्टी वसूली गई।

## बिना मास्क के घुम रहे लोगों को बांटे मास्क

प्रशासनिक अधिकारियों ने रतलाम शहर के डालूमोदी बाजार, माणकचौक, बजाज खाना, तोपखाना इत्यादि क्षेत्रों में बिना मास्क के घूम रहे लोगों को मास्क वितरित किये। साथ ही उन्हें समझाया कि कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाना नितांत जरूरी है। डालूमोदी बाजार में दाल बाटी की दुकान के सामने कलेक्टर तथा एसपी द्वारा अन्नपूर्णा दाल बाटी सेंटर पर पेंट से गोल घेरे अपने हाथों से बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग का संदेश दिया गया। इसी

## लापरवाही पर वसूली, वाहन भी जब्त

कलेक्टर तथा एसपी द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा, बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में पहुंचकर प्रबंधकों, कर्मचारियों को मास्क पहनने की समझाइश दी गई। बैंक ऑफ इंडिया में 3 कर्मचारियों तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 2 कर्मचारियों द्वारा मास्क नहीं पहनने जाने पर उनसे पेनल्टी वसूली की गई। बाजार से गुजरते मैजिक वाहनों को चेक किया जाकर उनमें बगैर मास्क पहने पाए जाने पर दो मैजिक वाहनों से पांच सौ रुपए पेनल्टी वसूली की गई। एक मैजिक वाहन जप्त भी किया गया।

नवभारत

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– प्रसारण –––पृष्ठ 23 दिनांक 24/03/2021

# कोरोना के विरुद्ध जनजागरूकता के लिए कलेक्टर, एसपी आए मैदान में

## कलेक्टर श्री डाड ने स्थल पर खड़े रहकर बगैर मास्क पाए गए व्यक्तियों के चालान बनवाए



**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

जिले में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए सोमवार से कलेक्टर गोपालचंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी स्वयं मैदान में आए। वाहनों से सायरन बजे और जहां भी बगैर मास्क पहने व्यक्ति पाए गए, कलेक्टर श्री डाड एवं एस पी श्री तिवारी द्वारा उनके चालान स्थल पर खड़े रहकर बनवाए गए, पेनल्टी वसूली गई तथा 2-2 मास्क प्रदान किए गए।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा जहां भी वाहनों पर सवार व्यक्तियों को बगैर मास्क के देखा गया अमले को निर्देशित कर उनको लाया जाकर चालान काटे गए।

कलेक्टर, एस पी, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एस डी एम द्वारा सैलाना बस स्टैंड, रिलायंस पेट्रोल पंप इत्यादि स्थानों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही समझाईश भी दी गई कि मास्क अनिवार्य रूप से पहने।

**रिलायंस पेट्रोल पंप संचालक पर 5 हजार रूपए का जुर्माना** – कलेक्टर श्री डाड द्वारा रिलायंस पेट्रोल पंप पर निरीक्षण के दौरान ग्राहकों तथा कर्मचारियों को बगैर मास्क के पाया गया, कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए पेट्रोल पंप संचालक पर 5 हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया। साथ ही बगैर मास्क पहने कर्मचारियों, ग्राहकों को मास्क प्रदान किए गए।

## मेरी सुरक्षा - मेरा मास्क अभियान को जन अभियान बनाने के लिये मास्क वितरण और दुकानों के सामने गोले बनाए



**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आव्हान पर आज प्रातः 11 बजे सायरन कि आवाज के साथ म.प्र. जन अभियान परिषद जिला रतलाम कि नवांकुर संस्था प्रगति नेचुरल एण्ड सोशल डव्लपमेंट सोसायटी रतलाम के द्वारा अलकापुरी चौराहे रतलाम पर मेरी सुरक्षा- मेरा मास्क अभियान को जन अभियान बनाने के लिये करते हुए हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग करने हेतु समझाईश दी गयी तथा बिना मास्क गुजरने वालों को निःशुल्क मास्क वितरित किये गये, सामाजिक दूरी बनाये रखने के लिये दुकानों के आगे गोले बनवाये गये।

म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में कोरोना से मुक्ति के लिये जागरूकता अभियान कि शुरूआत हुई इस अभियान को सफल बनाने के लिये हर नागरिक को मेरी सुरक्षा मेरा मास्क अभियान से जुड़कर जिले को कोरोना मुक्त बनाने के लिये मास्क पहनना और सामाजिक दूरी का पालन अवश्य करें।

इस अवसर पर परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, समाजसेवी राकेश मिश्रा, सचिन तिवारी, राकेश पांचाल, संस्था अध्यक्ष शैलेन्द्र सिसौदिया, बब्लु, रंजीत, मितेश जैन, सुमित, कमलेश, कपिल, रियाज अहमद, सरदार कालरा, बिट्टु दरबार, अन्नु, करण, पंकज आदि ने उपस्थित रहे। प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–[illegible]–पृष्ठ 06 दिनांक 24/03/2021

# नगर के सभी वार्ड चरणबद्ध तरीके से बनेंगे जीरो वेस्ट वार्ड

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। 21 मार्च की स्थिति में नगर के 18 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है रतलाम नगर को स्वच्छता में देश में नम्बर 1 बनाने के नागरिकों व निगम कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए 22 मार्च सोमवार से वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाकर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी एक सप्ताह में नगर के वार्डो को चरणबद्ध तरीके से जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाक पूर्ण रतलाम नगर को जीरो वेस्ट नगर बनाया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डो की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

जीरो वेस्ट वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 के भी नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एव दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जायेगा।

# 26 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया


रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार शहर को जीरो वेस्ट बनाए जाने की मुहिम में वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41, 42, 43, 44, 45 व 46 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है। इससे स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ।

23 मार्च से वार्ड 40, 47, 48 व 49 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है। एक सप्ताह में सभी वार्डों को चरणबद्ध तरीके से जीरो वेस्ट वार्ड बनाकर पूरे शहर को जीरो वेस्ट नगर बनाया जाएगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 19 दिनांक 24/03/2021

# कोरोना को रोकने की कवायद: अफसर उतरे सड़क पर, दिखाई सख्ती

## दुकानों के सामने फिर बनने लगे गोले, धानमंडी में व्यापारियों की दुकानों के सामने बनवाए




**रतलाम** | कोरोना के बढ़ते संक्रमण और सोशल डिस्टेंसिंग को देखते हुए दुकानों के सामने फिर से गोले बनने लगे हैं। संयुक्त व्यापारी संघ ने सोशल डिस्टेंसिंग के लिए दुकानों के सामने गोले भी बनवाए। इसके साथ ही दो हजार मास्क बांटे। मनोज झालानी ने दुकानदारों को सोशल डिस्टेंसिंग की समझाइश दी। साथ ही मास्क भी बांटे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण एक बार फिर बढ़ रहा है। इससे मास्क का उपयोग बेहद जरूरी है। इसे देखते हुए मास्क बांटे। संघ द्वारा दुकानों पर जाकर और हर आने जाने वालों को मास्क बांटे। इस मौके पर संजय पारख, राजेश सियाल प्रिंस, विजय भंडारी, शेखर घोचा, प्रमोद लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

## फायर ब्रिगेड ने बजाया सायरन.... लोग नहीं रुके, इधर मास्क पहनाने के बाद ही लोगों को शहर में घुसने दिया




**रतलाम** | शहर में मंगलवार को सुबह 11 बजे प्रमुख चौराहों पर सायरन बजने लगे। सायरन की आवाज पर लोगों से रुकने की अपील की गई थी लेकिन शहर सराय क्षेत्र में लोग वाहनों पर ही गुजरते रहे। इधर शहर के हर-प्रवेश मार्ग पर बिना मास्क के प्रवेश करने पर चालान काटे गए।

**कलेक्टर-एसपी पहुंचे बैंक में, वसूली पेनल्टी :** कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने दुकानदारों को मास्क लगाने की समझाइश दी। कलेक्टर-एसपी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा, बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में पहुंचकर प्रबंधकों, कर्मचारियों को मास्क पहनने की समझाइश दी। बैंक ऑफ इंडिया में 3 कर्मचारियों व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 2 कर्मचारियों से पेनल्टी वसूल की गई। दो मैजिक वाहनों से भी पेनल्टी वसूली की।

## कलेक्टर से मैजिक ड्राइवर ने बहस की तो एएसपी का फूटा गुस्सा, जड़ा थप्पड़, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल




**रतलाम** | मास्क नहीं पहनने व बहस करने पर एएसपी इंद्रजीत बाकरवाल ने मैजिक ड्राइवर को थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। मामला सोमवार सुबह का है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क पर उतरे थे। इसी दौरान पुलिस ने एक मैजिक चालक को रोका, चालक और सवारियों ने मास्क नहीं पहना हुआ था, ऐसे में कलेक्टर ने मास्क पहनने के लिए कहा तो वाहन चालक बहस करने लग गया। पास ही खड़े एएसपी इंद्रजीत बाकरवाल को गुस्सा आ गया और उन्होंने वाहन चालक की कॉलर पकड़कर थप्पड़ जड़ दिए। हालांकि, मैजिक चालक को मास्क पहनाकर छोड़ दिया गया। इधर मामले में एएसपी ने थप्पड़ मारने से इनकार किया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– नईदुनिया –पृष्ठ 02 दिनांक 24/03/2021

## खोदाई से तीन दिन पहले आयुक्त को देना होगी रिपोर्ट

रतलाम। शहर में विभिन्न शासकीय योजनाओं व निगम निधि के विकास कार्यों के तहत की जाने वाली खोदाई से आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए तीन दिवस पूर्व खोदाई का स्थान, कार्य के पूर्ण होने की तिथि व मानचित्र निगम के विभिन्न विभागों को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को प्रस्तुत करना होंगे। निगम आयुक्त झारिया ने आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि समन्वय के अभाव में होने वाली खोदाई से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तीन दिन पहले मिलने वाली रिपोर्ट के परीक्षण उपरांत खोदाई कार्य की अनुमति प्रदान की जाएगी।

नईदुनिया

## ट्यूबवेल सुधरवाकर नागरिकों की पानी की समस्या को हल करवाया



रतलाम। शास्त्री नगर में डॉ अजय जैन साहब के सामने वाले ट्यूबवेल एवं रवि भैया मालपानी जी के घर के सामने वाली ट्यूबवेल को सुधर वाकर दोनों क्षेत्र के नागरिकों की पानी की समस्या को हल करवाया। यह समस्या का हल सभी के सहयोग से हुआ है

## आवास मेले में फ्लेट व निविदा की जानकारी ली

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित 94 एमआईजी फ्लेटों की आनलाइन निविदा के माध्यम से विक्रय करने के लिए नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में आयोजित आवास मेले में नागरिकों को जानकारी दी। आवास मेला निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इसमें कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, पीएमसी एजिस इंडिया उज्जैन संभाग के रेसीडेंट इंजीनियर सलीम खान, एआरई के अनन्त गुप्ता, क्युई के सचिन आनन्द व एजीस टीम द्वारा फ्लेट व आनलाइन निविदा की तथा ऋण संबंधी जानकारी स्टेट बैंक आफ इंडिया के कर्मचारियों द्वारा दी गई।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक 25 मार्च को

रतलाम (आरएनएन)। राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 25 मार्च को प्रातः 11.00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में राजस्व से संबंधी विभिन्न कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दबंग दुनिया–पृष्ठ 05....दिनांक 23/03/...2021

# खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों पर जुर्माना



दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

## जूते चप्पल की दुकान को किया सील

नगर को कचरा मुक्त बनाने के लिए नगर के सभी घरों एवं दुकानों से कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरा संग्रहित किया जा रहा है किन्तु कुछ नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डाला जा रहा है ऐसे नागरिक एवं दुकानदारों पर लगाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। माणकचौक क्षेत्र में हितेश व विजय गांधी द्वारा रात्री के समय दुकान बंद करने के समय खुले में कचरा डालने पर 2000-2000 हजार का जुर्माना कर संबंधितों की दुकानों को सील किया गया। इसके अलावा गंदगी करने पर चन्द्रप्रकाश माणक चौक पर 500 व मुकेश इण्डस्ट्रीज एरिया पर 100 रुपए का स्पॉट फाईन किया गया।

उक्त कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि ने की। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों पर दो-दो हजार का जुर्माना



रतलाम। नगर को कचरा मुक्त बनाने हेतु नगर के सभी घरों एवं दुकानों से कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरा संग्रहित किया जा रहा है किन्तु कुछ नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा खुले मे कचरा डाला जा रहा है ऐसे नागरिक एवं दुकानदारों पर लगाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

माणकचौक क्षेत्र में हितेश व विजय गांधी द्वारा रात्री के समय दुकान बंद करने के समय खुले में कचरा डालने पर 2000-2000 हजार का जुर्माना कर संबंधितों की दुकानों को सील किया गया। इसके अलावा गंदगी करने पर चन्द्र प्रकाश माणक चौक पर 500 व मुकेश इण्डस्ट्रीज एरिया पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# सायरन की आवाज के साथ कोरोना के वि
# जनजागृति का संदेश दिया मास्क अनिवा

## कलेक्टर व एसपी ने सड़कों पर आकर बगैर मास्क पहने व्यक्तियों को समझाईश दी, पैनल्टी भी वसूली, मास्क भी दिए



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाते हुए मंगलवार से रतलाम जिले में भी विशेष जागरूकता अभियान शुरू हुआ। प्रातः 11 बजे वाहनों से सायरन के साथ सभी 2 मिनट के लिए रुके और कोरोना के विरुद्ध जनजागरण का संकल्प लिया।

जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं आमजनों ने मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ खड़े होकर जिलेवासियों को संदेश दिया कि वैश्विक महामारी कोरोना फिर से पांव पसार रही है, इसलिए खुद भी मास्क लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। साथ ही सदैव एक–दूसरे से दो गज की दूरी बनाए रखें और अपने हाथों को नियमित रूप से सेनेटाइज करें अथवा साबुन से धोते रहें। कोरोना के खात्मे के लिए अपनी बारी आने पर कोरोना का टीका जरूर लगवाएं। आयोजित हुए जनजागरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार श्रीमती अनीता चोकोटिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी सहित अन्य अधिकारी एवं शहरवासी मौजूद थे।

इस अवसर प्रशासनिक अधिकारियों ने रतलाम शहर के डालूमोदी बाजार, माणकचौक, बजाज खाना, तोपखाना इत्यादि क्षेत्रों में बिना मास्क के घूम रहे लोगों को मास्क वितरित किये। साथ ही उन्हें समझाया कि कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाना नितांत जरूरी है। डालूमोदी बाजार में दाल बाटी की दुकान के सामने कलेक्टर तथा एसपी द्वारा अन्नपूर्णा दाल बाटी सेंटर पर पेंट से गोल घेरे अपने हाथों से बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग का संदेश दिया गया। इसी दुकान के संचालक से बगैर मास्क पाए जाने पर पेनल्टी वसूली गई। दुकानदारों को सलाह दी गई कि वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपना कारोबार करें। साथ ही खुद भी मास्क लगाएं और ग्राहकों के भी लगवाएं।

कलेक्टर बाजार की विभिन्न दुकानों में पहुंचे और दुकान संचालकों से चर्चा करते हुए मास्क लगाने की समझाईश दी। कलेक्टर तथा एसपी द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा, बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में पहुंचकर प्रबंधकों, कर्मचारियों को मास्क पहनने की समझाईश दी गई। बैंक ऑफ इंडिया में 3 कर्मचारियों तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 2 कर्मचारियों द्वारा मास्क नहीं पहनने जाने पर उनसे पेनल्टी वसूली की गई। बाजार से गुजरते मैजिक वाहनों को चेक किया जाकर उनमें बगैर मास्क पहने पाए जाने पर दो मैजिक वाहनों से पांच सौ रुपए पेनल्टी वसूली की गई। एक मैजिक वाहन जप्त भी किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह की पहल पर कोरोना के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान शुरू किया गया है।

## हम भी मास्क लगाएं, औरों को भी करें प्रेरित : मंत्री पटेल

भोपाल। किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय हरदा में कोरोना से बचाव के लिये मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का संकल्प दिलाया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हम स्वयं भी मास्क लगायें और सभी को मास्क लगाने के लिये प्रेरित करें, क्योंकि मास्क ही कोरोना से बचाव का सबसे सुरक्षित उपाय है। उन्होंने जिला चिकित्सालय, हरदा में एम्बुलेंस का भी लोकार्पण किया।

पटेल ने मंगलवार को मेरा मास्क–मेरी सुरक्षा अभियान का हरदा में शुभारंभ करते हुए कहा कि मास्क लगाने में किसी भी तरह की लापरवाही कोरोना संक्रमण का कारण बनेगी। एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अन्य नागरिकों को संक्रमित होने से बचायें। जब तक कोरोना संक्रमण खत्म नहीं हो जाता, हमें जिम्मेदार नागरिक की भाँति मास्क लगाना है, ताकि हम स्वयं को और आसपास के लोगों को संक्रमण से बचा सकें। उन्होंने जिला चिकित्सालय में कोरोना जागरूकता के लिये हस्ताक्षर अभियान अंतर्गत बैनर पर हस्ताक्षर किये। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के सभी अस्पतालों को सर्व-सुविधायुक्त बनाने के लिये लगातार प्रयास कर रहे हैं, ताकि आमजनों को असुविधा न हो। मंत्री श्री पटेल ने विधायक–निधि से जिला चिकित्सालय को दी गई एक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण किया।

## कलेक्टर ने दी मास्क की समझाईश, एएसपी वाहन चालक को थ



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कोरोना संक्रमण रोकने के लिए मंगलवार से जागरूकता अभियान शुरू किया गया। प्रातः सायरन के साथ सभी लोग दो मिनिट के लिए रु विरुद्ध जनजागरण का संकल्प लिया। जनजाग बाजार से गुजरते मैजिक वाहनों को भी चैक कि

इस दौरान धानमंडी में एक मैजिक चाल मिला, तो कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने उसे समझ बहस करने लगा तो पीछे खड़े एएसपी इंद्रजीत आकर चालक को दो-तीन थप्पड़ मार दिए और से नीचे उतारने लगे। इस दौरान वहां खड़े अन्य लो वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मास्क नहीं वाहनों से पांच सौ रुपए पैनल्टी वसूली कर एक भी किया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर के माणकचौक, बजाज खाना, तोपखाना इत्यादि क्षे घूम रहे लोगों को मास्क वितरित कर उन्हें समझाया के लिए मास्क लगाना जरूरी है। डालूमोदी बाजार द्वारा अन्नपूर्णा दाल बाटी सेंटर पर पेंट से गोल घेरे अ शारीरिक दूरी रखने का संदेश दिया गया। यहां दुका मास्क पाए जाने पर पेनाल्टी वसूली गई।

### बैंक में बगैर मास्क पहन कर्मचारियों से वसूली पै

कलेक्टर व एसपी द्वारा स्टेट बैंक आफ ऑफ इंडिया की शाखाओं में पहुंचकर प्रबंध मास्क पहनने की समझाइश दी। बैंक ऑफ इंडि तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में दो कर्मचा पहनने पर उनसे पैनल्टी वसूली गई। प्रसा

# निशुल्क मास्क वितरित किए और दुकानों के बाहर बनाए गोले

**रतलाम।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आह्वान पर मंगलवार सुबह 11 बजे सायरन की आवाज के साथ मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था प्रगति नेचुरल एंड सोशल डवलपमेंट सोसाइटी द्वारा अलकापुरी चौराहे रतलाम पर 'मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क' अभियान को जन अभियान बनाने के लिए निशुल्क मास्क वितरित किए गए। शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए दुकानों के आगे गोले बनवाए गए। परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में कोरोना से मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई।

अभियान को सफल बनाने के लिए हर नागरिक को मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क अभियान से जुड़कर जिले को कोरोना मुक्त बनाने के लिए मास्क पहनना और शारीरिक दूरी का पालन करना आवश्यक है। समाजसेवी राकेश मिश्रा, सचिन तिवारी, राकेश पांचाल, संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र सिसौदिया, बबलू, रणजीत, मितेश जैन, सुमित, कमलेश, कपिल, रियाज अहमद, सरदार कलावा, अनु, करण, पंकज आदि उपस्थित रहे।



रतलाम में अलकापुरी चौराहे पर गोले बनवाते हुए रत्नेश विजयवर्गीय। • नईदुनिया

## ग्रामीणों को दी समझाइश

**बाजना।** मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा अभियान के तहत गांव के बस स्टैंड व मुख्य बाजारों में नगर में मास्क का वितरण भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, मंडल महामंत्री नरेंद्र वसुनिया, दीपेंद्रसिंह गेहलोत, पार्टी के वरिष्ठ गोविंद डामर, संजय टाक, सतीश नाहर, विमल कोठारी, दिनेश जोशी व युवा कार्यकर्ता हेमंत टेलर, सुरेंद्र पालरेचा की उपस्थिति में किया गया। बिना मास्क घूमने वालों को मास्क का वितरण करते हुए शारीरिक दूरी का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बाजना तहसीलदार बीएस ठाकुर, थाना प्रभारी अल्केश सिंघाड़ द्वारा 11 बजते ही सायरन बजवाकर आमजन को कोरोना से बचाव के लिए मास्क का उपयोग करने व शारीरिक दूरी का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान दल-बल के साथ वाहनों से ग्राम में भ्रमण कर मुख्य चौराहा पर सभी को मास्क का उपयोग करने की समझाइश दी गई।



बाजना में मास्क का वितरण करते हुए भाजपा कार्यकर्ता। • नईदुनिया

## सायरन बजाकर निकाली रैली

**सैलाना।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आह्वान पर मंगलवार सुबह 11 बजे पुलिस थाना परिसर से अनुविभागीय अधिकारी कामनी ठाकुर के नेतृत्व में एसडीओपी बीआर सोलंकी, थाना प्रभारी शिवमंगलसिंह सेंगर, सीएमओ जेपी गुहा ने सायरन बजाते हुए वाहन रैली निकाली। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से नागरिकों से मास्क लगाने और शारीरिक दूरी का पालन करने की अपील की गई।

## पूर्व विधायक ने किए मास्क वितरित

**पूर्व विधायक ने किए मास्क वितरित :** बस स्टैंड पर पूर्व विधायक संगीता चारेल ने रोको टोको अभियान के तहत बिना मास्क पहने हुए व्यक्तियों को मास्क पहनाए और समझाइश दी। मास्क और दो गज की दूरी कोरोना बीमारी की रोकथाम में काफी सहायक है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कौशिक चंडालिया, जिला मंत्री मनीष कुमावत, मंडल अध्यक्ष श्याम धाकड़, पार्षद सपना खराड़ी, भूरू पाटीदार, जगमोहन राठौड़, रमेश बैरागी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष किशोर कसेरा, सुरेंद्र मेहता, नाथूलाल राठौर, ललित कसेरा, हिम्मत पाटीदार आदि उपस्थित थे।


# कोरोना के विरुद्ध जनजागरूकता के लिए कलेक्टर, एसपी आए मैदान में

## कलेक्टर ने स्थल पर खडे रहकर बगैर मास्क पाए गए व्यक्तियों के चालान बनवाए

● रतलाम

जिले में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए सोमवार से कलेक्टर गोपालचंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी स्वयं मैदान में आए। वाहनों से सायरन बजे और जहां भी बगैर मास्क पहने व्यक्ति पाए गए कलेक्टर श्री डाड एवं एसपी श्री तिवारी द्वारा उनके चालान स्थल पर खड़े रहकर बनवाए गए, पेनल्टी वसूली गई तथा 2-2 मास्क प्रदान किए गए।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा जहां भी वाहनों पर सवार व्यक्तियों को बगैर मास्क के देखा गया अमले को निर्देशित कर उनको लाया जाकर चालान काटे गए। कलेक्टर, एसपी, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम द्वारा सैलाना बस स्टैंड, रिलायंस पेट्रोल पंप इत्यादि स्थानों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही समझाईश भी दी गई कि मास्क अनिवार्य रूप से पहने।



### रिलायंस पेट्रोल पंप संचालक पर 5 हजार रूपए का जुर्माना

कलेक्टर द्वारा रिलायंस पेट्रोल पंप पर निरीक्षण के दौरान ग्राहकों तथा कर्मचारियों को बगैर मास्क के पाया गया, कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए पेट्रोल पंप संचालक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। साथ ही बगैर मास्क पहने कर्मचारियों, ग्राहकों को मास्क प्रदान किए गए।

अग्निबाण 23

---

# रतलाम : शहर में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए प्रशासन ने जारी की नवीन गाईड लाइन

रतलाम। कोविड-19 बीमारी को WHO द्वारा वैश्विक महामारी के रूप में चिन्हित किया गया है। वर्तमान में रतलाम शहर में प्रतिदिन कोरोनावायरस से संक्रमित व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है। इसके संबंध में आज शुक्रवार को शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत और सीएसपी हेमंत सिंह चौहान ने आज कंट्रोल रूम पर रतलाम के होटल एवं मैरिज गार्डन संचालकों से बैठक आयोजित की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब किसी भी प्रकार के कार्यक्रम में 100 से अधिक लोग शामिल नहीं होंगे। उक्त कार्यक्रम के लिए प्रशासन से परमिशन की आवश्यकता होगी तथा शासन द्वारा निर्धारित कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुसार कार्यक्रम किया जाएगा। आयोजन के दौरान मास्क, सैनिटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग आदि नियमों का पालन करना आवश्यक होगा। कार्यक्रम में एक समय में बंद हॉल में क्षमता के 50% एवं खुले मैदान में 200 से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं हो सकेंगे। उक्त गाइडलाइन का पालन नहीं किए जाने पर आयोजकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# सायरन की आवाज के साथ कोरोना के विरुद्ध जनजागृति का संदेश दिया मास्क अनिवार्य है

## कलेक्टर व एसपी ने बगैर मास्क पहने व्यक्तियों को समझाईश दी, मास्क भी दिए



दैनिक अवन्तिका ›› रतलाम

वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाते हुए मंगलवार से रतलाम जिले में भी विशेष जागरूकता अभियान शुरू हुआ। प्रातः 11 बजे वाहनों से सायरन के साथ सभी 2 मिनट के लिए रुके और कोरोना के विरुद्ध जनजागरण का संकल्प लिया।जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं आमजनों ने मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ खड़े होकर जिलेवासियों को संदेश दिया कि वैश्विक महामारी कोरोना फिर से पाँव पसार रही है इसलिए खुद भी मास्क लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। साथ ही सदैव एक-दूसरे से दो गज की दूरी बनाएं रखें और अपने हाथों को नियमित रूप से सेनेटाइज करें अथवा साबुन से धोते रहें। कोरोना के खात्मे के लिए अपनी बारी आने पर कोरोना का टीका जरूर लगवाएं। आयोजित हुए जनजागरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार श्रीमती अनीता चोकोटिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी सहित अन्य अधिकारी एवं शहरवासी मौजूद थे।

इस अवसर प्रशासनिक अधिकारियों ने रतलाम शहर के डालूमोदी बाजार, माणकचौक, बजाज खाना, तोपखाना इत्यादि क्षेत्रों में बिना मास्क के घूम रहे लोगों को मास्क वितरित किये। साथ ही उन्हें समझाया कि कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाना नितांत जरूरी है। डालूमोदी बाजार में दाल बाटी की दुकान के सामने कलेक्टर तथा एसपी द्वारा अन्नपूर्णा दाल बाटी सेंटर पर पेंट से गोल घेरे अपने हाथों से बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग का संदेश दिया गया। इसी दुकान के संचालक से बगैर मास्क पाए जाने पर पेनल्टी वसूली गई। दुकानदारों को सलाह दी गई कि वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपना कारोबार करें। साथ ही खुद भी मास्क लगाएं और ग्राहकों के भी लगवाएं।कलेक्टर बाजार की विभिन्न दुकानों में पहुंचे और दुकान संचालकों से चर्चा करते हुए मास्क लगाने की समझाईश दी। कलेक्टर तथा एसपी द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा, बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में पहुंचकर प्रबंधकों, कर्मचारियों को मास्क पहनने की समझाईश दी गई। बैंक ऑफ इंडिया में ३ कर्मचारियों तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में २ कर्मचारियों द्वारा मास्क नहीं पहनने जाने पर उनसे पेनल्टी वसूली की गई। बाजार से गुजरते मैजिक वाहनों को चेक किया जाकर उनमें बगैर मास्क पहने पाए जाने पर दो मैजिक वाहनों से पांच सौ रुपए पेनल्टी वसूली की गई। एक मैजिक वाहन जप्त भी किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह की पहल पर कोरोना के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान शुरू किया गया है। अवन्तिका

# जनता को कोरोना संक्रमण से ब[...] है जागरुकता अभियान : मु[...]

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेशवासियों को हर स्थिति में फिर से फैल रहे कोरोना संक्रमण से बचाना है। इसके लिए जन–जागरूकता अभियान जरूरी है। मेरी सुरक्षा–मेरा मास्क पर पालन करते हुए हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग करना है। प्रदेश में जागरूकता अभियान शुरु किया जा रहा है।

अधिकारी हों या जन-प्रतिनिधि या फिर आम नागरिक, सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएँ। कोरोना का कहर गहरा हो इसके पहले हमें अपने सुरक्षात्मक प्रयास तेज करने होंगे। महाराष्ट्र से लगे हुए जिलों में सावधानी बढ़ानी होगी। रविवार को कुछ नगरों में लाक डाउन और कुछ जिलों में रात्रि 10 बजे बाजार बंद करने के निर्णय के बाद अब जागरूकता अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश में मंगलवार 23 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे और शाम 7 बजे सायरन बजने पर सभी लोग दो मिनिट कार्य रोक कर मास्क पहनें, अन्य लोगों को भी मास्क के उपयोग के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर रतलाम एनआईसी कक्ष में विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक जावरा डा. राजेन्द्र पाण्डेय, राजेन्द्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, महेन्द्र गादिया, गोविन्द काकानी, संयुक्त व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी, सुरेन्द्र चत्तर, संजय पारख, आशीष पालीवाल, अमित अग्रवाल, बालकिशन माहेश्वरी, कुशल गोधा सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए मास्क ही सबसे महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सोशल



डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए। बीस व्यक्तियों से अधिक की भागीदारी होने पर उस कार्यक्रम या बैठक की अनुमति जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा प्रदान करने का निर्णय लिया जाए। इसके साथ ही मेलों और अन्य उत्सवों के संबंध में भी जिले के परिस्थिति अनुसार स्थानीय स्तर पर आवश्यक निर्णय लिया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों में फेस मास्क की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। जहाँ जरूरी हो पर्याप्त संख्या में मास्क आपूर्ति के



इन्दौर समाचार के पितृपुरुष स्व. श्री सुरेश सेठजी

## न्यूज़ ब्रीफ

### उत्तराखंड के मुख्यमंत्री कोरोना पॉजिटिव

देहरादून । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने लिखा, मेरी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मैं ठीक हूं और मुझे कोई परेशानी नहीं है। डॉक्टर्स की निगरानी में मैंने स्वयं को आइसोलेट कर लिया है। मेरे संपर्क में आने वाले लोग सावधानी बरतें और अपनी जांच करवाएं।

### पहली बार गैंगरेप के मामले में दरिंदों को दी

क[...]

नई दि[...]

वैक्सी[...] के बी[...] गया है[...] के दो[...] 8 हफ्[...] के बी[...] किया[...] होगा। टेक्नि[...] (NT[...]

1

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण –––पृष्ठ ..16..दिनांक..24/03/...2021

विधायक काश्यप के नेतृत्व में शुरू हुआ

# 'मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा' अभियान




प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम

वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के खिलाफ भाजपा ने सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के आह्वान पर मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा अभियान की शुरूआत की। विधायक चेतन्य काश्यप के नेतृत्व में शहर में सुबह 11 बजे सायरन की आवाज के साथ सभी 2 मिनिट के लिए रुके और नागरिकों को मास्क के प्रति जागरूक किया। श्री काश्यप ने बिना मास्क लगाए व्यापार कर रहे पान व्यवसायी को मास्क पहनाया। उन्होंने मार्ग से गुजरने वाले अन्य कई लोगों को भी मास्क नहीं होने पर रोका और उन्हें मास्क पहनाया। श्री काश्यप ने आम लोगों से आह्वान किया कि वे खुद भी मास्क लगाए और दूसरों को भी प्रेरित करें।

सरकार द्वारा इस दिशा में रोको-टोको अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके तहत् सक्षम लोगों को चाहिए कि वे जरूरतमंद लोगों को मास्क मुहैया कराकर उसका महत्व बताएं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, करणधीर्य बड़गोत्या, कृष्ण कुमार सोनी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा सहित विपीन पोरवाल आदि मौजूद रहे। प्रसारण

## मेरा मास्क, मेरी सुरक्षा : विधायक काश्यप ने दुकानदार और राहगीरों को पहनाए मास्क



रतलाम | कोरोना संक्रमण के खिलाफ भाजपा ने सेवा संकल्प के तहत मंगलवार से मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा अभियान शुरू किया। विधायक चेतन्य काश्यप के नेतृत्व में सुबह 11 बजे सायरन की आवाज के साथ सभी दो मिनट रुककर नागरिकों को मास्क के प्रति जागरूक किया। साथ ही विधायक काश्यप ने बिना मास्क लगाए व्यापार कर रहे दुकानदारों और राहगीरों को रोककर को मास्क पहनाया। मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, करणधीर्य बड़गोल्या, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, विपिन पोरवाल आदि मौजूद रहे।

# 25 कॉलोनाइजरों को नगर निगम ने थमाए नोटिस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम की सख्ती के बावजूद शहर में अवैध कॉलोनियां पनप रही हैं। डोंगरा नगर क्षेत्र में बन रही ऐसी ही एक कॉलोनी पर निगम ने कार्रवाई की। यहां कॉलोनाइजर द्वारा बिना अनुमति मुरम डालकर सड़क और मकानों के निर्माण किए जा रहे थे।

निगम अमले ने जेसीबी व अन्य संसाधनों की मदद से सभी निर्माण तोड़कर सामग्री जब्त की गई। साथ ही कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके सहित 25 अन्य अवैध कॉलोनी बनाने वाले कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही कॉलोनियों की जांच के लिए राजस्व, प्रशासनिक और नगर निगम अफसरों की टीम गठित कर दी है। सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने बताया कि जांच के साथ सभी कॉलोनाइजरों के विरुद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार संज्ञेय अपराध होने से कारावास एवं अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध कालोनी को लेकर 25 कालोनाइजरों को नोटिस

## निगम ने शुरू की कार्रवाई

- डोंगरा नगर के पीछे बन रही अवैध कालोनी की सड़कों को उखाड़ा
- जिला प्रशासन व नगर निगम के इंजीनियरों का संयुक्त दल गठित

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में बन रही अवैध कालोनियों व इनके कालोनाइजरों के खिलाफ अब नगर निगम ने कार्रवाई की तैयारी की है। निगम से ऐसे करीब 25 कालोनाइजरों को नोटिस दिए हैं। अवैध कालोनियों की जांच के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम के इंजीनियरों का संयुक्त दल भी गठित किया गया है।

मंगलवार को दल ने डोंगरा नगर के पीछे की तरफ बन रही अवैध कालोनी की सड़कों को जेसीबी चलाकर उखाड़ा गया और वहां अवैध रूप से बन रहे भवनों की निर्माण सामग्री जब्त की गई। वहां के कालोनाइजर तथा भवन निर्माण करने के विरुद्ध एफआइआर कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। अवैध बने मकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। निगम व जिला प्रशासन की इस मुहिम में वर्तमान में संज्ञान में आई सभी अवैध कालोनियों में हुए निर्माण को ध्वस्त करने के साथ ही इनके कालोनाइजरों के विरुद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-292 (ग) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार संज्ञेय अपराध होने से कारावास व अर्थदंड की कार्रवाई के लिए पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– परखा जोहर पृष्ठ 04 दिनांक 24/03/2021

# पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित

रतलाम । गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से षासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देषित किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देषित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहीत व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है।

नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्दे[illegible] को दिये। परखर जोहर

# कचरा डालने पर दो दुकानदारों पर 2000 का जुर्माना, जूते चप्पल की दुकान को किया सील



रतलाम। नगर को कचरा मुक्त बनाने हेतु नगर के सभी घरों एवं दुकानों से कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरा संग्रहित किया जा रहा है किन्तु कुछ नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डाला जा रहा है ऐसे नागरिक एवं दुकानदारों पर लगाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। माणकचौक क्षेत्र में हितेश व विजय गांधी द्वारा रात्री के समय दुकान बंद करने के समय खुले में कचरा डालने पर 2000-2000 हजार का जुर्माना कर संबंधितो की दुकानों को सील किया गया। इसके अलावा गंदगी करने पर चन्द्र प्रकाश माणक चौक पर 500 व मुकेश इण्डस्ट्रीज एरिया पर 100 रुपये का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलवा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। इन्दौर 23

# कोरोना संक्रमण की रोकथाम के प्रभावी कदम, मास्क को लेकर

## मास्क लगाने को लेकर जिम्मेदारी तय की गई, होलिका दहन

● रतलाम



रतलाम जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। मास्क को लेकर प्रशासन का रवैया सख्त रहेगा, किसी भी स्थिति में मास्क पहनना अनिवार्य रहेगा। यह जानकारी कलेक्टर द्वारा आयोजित वीसी में दी गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कोरोना की बढ़ती संख्या को रोकना है इसके लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। वीसी के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत, तहसीलदार नायब तहसीलदार, एसडीओपी, थाना प्रभारी उपस्थित थे। जिले के अन्य एसडीएम तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

बताया गया कि वाहनों में यात्रियों के मास्क नहीं पहनने पर संबंधित कंडक्टर जिम्मेदार होगा और चालान राशि की वसूली कंडक्टर से ही की जाएगी। इस दायरे में बसों के अलावा मैजिक तथा ऑटो रिक्शा भी आएंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला परिवहन अधिकारी सख्ती से चेकिंग करें, बगैर मास्क के यात्री पाए जाने पर बसों के ड्राइवर के लाइसेंस, कंडक्टर के लाइसेंस निरस्त किए जाएं, परमिट निरस्त किए जाएं, बसे जप्त की जाए। बस में यात्री सैनेटाईज करके ही अन्दर जाए। इसी प्रकार के निर्देश दुकानदारों के संबंध में भी दिए गए। बताया गया कि दुकानदार द्वारा मास्क नहीं पहने जाने पर दुकान बंद की जाएगी। पेनल्टी भी वसूली जाएगी, दुकान पर रस्सी सीमा रेखा के रूप में लगाई जाए। दुकान के बाहर सोशल डिस्टेंसिंग के लिए गोले बनाए जाएंगे।

होलिका दहन के अवसर पर 20 व्यक्तियों की स्थल पर अनुमति रहेगी नाम लिखित में लिए जाएंगे। स्थल पर रिकॉर्डिंग की जाएगी। यह सुनिश्चि जाएगा कि सभी व्यक्ति मास्क पहने हो के संबंध में बताया गया कि कोई भी बगैर अनुमति नहीं होगा। जिस मैरिज होटल में वैवाहिक कार्यक्रम होगा व प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया जाएगा व्यक्ति एकत्र हो सकते हैं। अनुमति अधिकतम 200 व्यक्तियों की रहेगी गार्डन, होटल के एंट्री पॉइंट पर संचालक द्वारा मास्क और सैनिटा उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इ ही हरेक घंटे में मैरिज गार्डन तथा होट में सोडियम हाइपोक्लोराईड से जाएगी, गेट पर हाथ धुलाई की व्य जाना होगी। संचालक यह भी सुनिश्चित करेगा एफआईआर की जाएगा।

## अफ्रीकी नरसंहार...

# 137 को भूना



नाइजर। दक्षिण अफ्रीकी देश नाइजर आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर 137 लोगों मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आतंकियों कई घरों को आग के हवाले कर दिया। बताया जाता कि सभी हमलावर बाइक पर सवार होकर आए और लगभग 3 घंटे तक मौत का तांडव मचाते रहे।

## भिंड में डंपर ने भाई-बहन को कुच

**भिंड।** यहां आज तड़के बेकाबू डंपर ने बाइक सवा जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दगुस्स शवों को सड़क पर रखकर चक्काजाम करते हुए प्र

## अमेरिका में भी शूटआउट,



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कोलोराडो के एक सुपर मार्केट में एक संदिग्ध ने घुसते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक पुलिस अफसर सहित 10 लोगों की मौत हो गई।

## लोन मोराटोरियम मामले में सा

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– स्वदेश ––––पृष्ठ 20 ... दिनांक 24/03/ ...2021

दो मिनट रुककर जन-जागरण का लिया संकल्प

# कोरोना के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए प्रशासन उतरा सड़कों पर


**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिले में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। प्रदेश के अग्रणी जिलों में रतलाम पांचवें-छठे स्थान पर है। यहीं कारण है कि शासन-प्रशासन चिंतित होकर कोरोना के विरूद्ध जनजागरूकता के लिए सड़कों पर उतर गया है। कलेक्टर गोपालचंद डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी स्वयं मैदान में उतरकर जनता के द्वार पहुंच उन्हें समझाईश दे रहे है मास्क लगाए। जिन लोगों के द्वारा मास्क नहीं लगाए उनसे पेनल्टी वसूली जा रही है तथा दो-दो मास्क उन्हें प्रदान किए जा रहे है। आश्चर्य की बात है कि पेनल्टी उन लोगों से वसूली जा रही है जिन्हें स्वयं मास्क के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी है।

बैंक ऑफ इंडिया के शाखा मैनेजर, तोपखान रोड स्थित एसबीआई के शाखा प्रबंधक और ऐसे ही एक दर्जन से अधिक जिम्मेदार नागरिक है जिन्हें प्रशासन के मुखिया के सामने मास्क न लगाने पर जुर्माना अदा करना पड़ा है।

आज प्रात: 11 बजे वाहनों से सायरन के साथ सभी दो मिनिट के लिए रुके और कोरोना के विरुद्ध जन-जागरण का संकल्प लिया। वैश्विक महामारी कोरोना फिर से पैर पसार रही है, इसलिए खुद भी मास्क लगाए और दूसरों को भी प्रेरित करें। इसके साथ ही कोरोना गाइड लाइन के तहत सभी जानकारियां दी गई। कलेक्टर श्री डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, आयुक्त सोमनाथ झारिया, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अति.पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवाल, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमन्त चौहान, तहसीलदार श्रीमती अनिता चोकोटिया सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा जिम्मेदार नागरिकों ने डालूमोदी बाजार, माणक चौक, बजाज खान, तोपखाना इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण किया तथा लोगों को समझाईश दी, पेनल्टी लगाई और मास्क प्रदान किए।





### कलेक्टर व एसपी उतरे मैदान में

कलेक्टर तथा एसपी ने कई दुकानों के सामने अपने हाथों से गोले गहरे बनाकर सामाजिक दूरी का संदेश दिया। इतना ही नहीं दोनों अधिकारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तथा बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में पहुंचकर कर्मचारियों को समझाईश दी तथा मास्क न लगाने वाले अधिकारी, कर्मचारी पर पेनल्टी लगाते हुए मास्क प्रदान किए। मार्ग में भी लोगों के वाहनों को रोककर पेनल्टी लगाई।

### चालानी कार्रवाई की

गत दिवस भी इसी प्रकार अधिकारियों का अमला सैलाना बस स्टैंड, रिलायंस पेट्रोल पम्प आदि स्थानों पर पहुंचा तथा समझाईश के साथ चालानी कार्रवाई की व रिलायंस पेट्रोल पम्प संचालक पर ग्राहकों तथा कर्मचारियों को बगैर मास्क के पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की व 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। इस अभियान के असर यह हो रहा है कि जो लोग बिना मास्क सड़कों पर चल रहे थे वह प्रशासन की इस पहल से मास्क लगा रहे है और लोगों को भी प्रेरित कर रहे है। स्वदेश

### इस साल 21 हजार कर्मचारी हो जाएंगे रिटायर

# सरकारी दफ्तरों में 20% उम्रदराज कर्मचारियों के हाथों में कमान

पीपुल्स

सीताराम ठाकुर • भोपाल
मो.नं. 9425078939

पीपुल्स समाचार पड़ताल




56 साल से अधिक आयु के करीब एक लाख कर्मचारियों के हाथों में सरकारी दफ्तरों की कमान है। यानी बुजुर्ग होने की कगार पर पहुंचे इन कर्मचारियों में बड़ी-बड़ी फाइलें उठाने की ताकत नहीं बची है। इनमें करीब 22 हजार 544 कर्मचारी तो 60 साल की आयु को पार कर चुके हैं। इस साल 21 हजार कर्मचारी रिटायर होने जा रहे हैं। उधर, अधिकारियों की बात की जाए तो 18 से 35 साल के युवा अफसरों की संख्या महज 420 है।

सालों से रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने की वजह से प्रदेश में सरकारी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की संख्या लगातार घटती जा रही है। वैसे बीते साल जिलों में करीब 10 हजार कर्मचारियों को सरकारी नौकरी दी गई है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त भी हो रहे हैं। इस साल 21 हजार कर्मचारी सरकारी सेवा को अलविदा करने जा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी दफ्तरों में नियमित कर्मचारियों तथा अधिकारियों की संख्या 5 लाख 54 हजार 991 है। इनमें प्रथम श्रेणी के अधिकारी 8162, द्वितीय श्रेणी के अधिकारी 32 हजार 426, तृतीय श्रेणी वर्ग के कर्मचारी 4 लाख 49 हजार 806 तथा चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों की संख्या 64 हजार 507 है। सरकारी दफ्तरों में सबसे ज्यादा 51 से 55 साल आयु वर्ग के 87 हजार 56 अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं। ये

### किस आयु वर्ग के कितने कर्मचारी

| आयु वर्ग | संख्या | | |
|---|---|---|---|
| 18 से 21 | 3504 | 41 से 45 | 80958 |
| 22 से 25 | 20054 | 46 से 50 | 82041 |
| 26 से 30 | 47404 | 51 से 55 | 87056 |
| 31 से 35 | 64171 | 56 से 60 | 75592 |
| 36 से 40 | 71667 | 60 से अधिक आयु | 22544 |
| | | कुल नियमित | 5,54,991 |

### बैकलॉग के पद भी पड़े खाली

बैकलॉग के करीब 19 हजार पद सालों से खाली पड़े हुए हैं। इन पदों पर भर्ती के लिए सरकार वर्ष 2002-03 से लगातार विशेष भर्ती अभियान चला रही है। उधर, शिक्षकों के 40 हजार, पुलिस कर्मचारियों के 18 हजार, पटवारी, राजस्व निरीक्षक सहित अन्य विभागों में 80 हजार पद खाली हैं।

### 34 साल से नहीं हुई भर्तियां



जिला, ब्लॉक और तहसील स्तर पर वर्ष 1986 से भर्तियां नहीं हुई है। मंत्रालय में दस साल बाद पिछले साल दबाव के चलते भर्तियां की गई थी। ट्रेड यूनियन समाप्त होते जा रहे है और सरकार आउट सोर्स के सहारे काम चला रही है। आने वाले समय में कर्मचारियों की संख्या लगातार कम हो जाएगी।

सुधीर नायक, अध्यक्ष, मंत्रालय कर्मचारी संघ


### सरकारी विभागों में भर्ती की प्रक्रिया जारी



प्रथम और द्वितीय श्रेणी के पदों पर पीएससी तथा तृतीय श्रेणी के पदों पर भर्ती करने के लिए पीईबी को जिम्मेदारी दी गई है। रिक्त पदों पर भर्ती का काम जल्द होगा। साथ ही बैकलॉग के खाली पदों को भरने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा कर्मचारियों को उच्च पदों का प्रभार देने की नीति बनाई जा रही है।

विनोद कुमार, एसीएस, जीएडी

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 13 दिनांक 24/03/2021



# कलेक्टर व एसपी ने सड़कों पर आकर बगैर मास्क पहने व्यक्तियों को समझाईश दी

## पेनल्टी भी वसूली, मास्क भी दिए

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाते हुए मंगलवार से रतलाम जिले में भी विशेष जागरूकता अभियान शुरू हुआ। प्रातः 11 बजे वाहनों से सायरन के साथ सभी 2 मिनट के लिए रुके और कोरोना के विरुद्ध जनजागरण का संकल्प लिया। जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं आमजनों ने मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ खडे होकर जिलेवासियों को संदेश दिया कि वैश्विक महामारी कोरोना फिर से पाँव पसार रही है इसलिए खुद भी मास्क लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। साथ ही सदैव एक-दूसरे से दो गज की दूरी बनाए रखें और अपने हाथों को नियमित रूप से सेनेटाइज करें अथवा साबुन से धोते रहें। कोरोना के खात्मे के लिए अपनी बारी आने पर कोरोना का टीका जरूर लगवाएँ। आयोजित हुए जनजागरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर गोपालचंद डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार श्रीमती अनीता चोकोटिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष श्री मनोज झालानी सहित अन्य अधिकारी एवं शहरवासी मौजूद थे।

इस अवसर प्रशासनिक अधिकारियों ने रतलाम शहर के डालूमोदी बाजार, माणकचौक, बजाज खाना, तोपखाना इत्यादि क्षेत्रों में बिना मास्क के घूम रहे लोगों को मास्क वितरित किये। साथ ही उन्हें समझाया कि कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाना नितांत जरूरी है। डालूमोदी बाजार में दाल बाटी की दुकान के सामने कलेक्टर तथा एसपी द्वारा अन्नपूर्णा दाल बाटी सेंटर पर पेंट से गोल घेरे अपने हाथों से बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग का संदेश दिया गया। इसी दुकान के संचालक से बगैर मास्क पाए जाने पर पेनल्टी वसूली गई। दुकानदारों को सलाह दी गई कि वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपना कारोबार करें। साथ ही खुद भी मास्क लगाएं और ग्राहकों के भी लगवाएँ।

कलेक्टर बाजार की विभिन्न दुकानों में पहुंचे और दुकान संचालकों से चर्चा करते हुए मास्क लगाने की समझाईश दी। कलेक्टर तथा एसपी द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा, बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में पहुंचकर प्रबंधकों, कर्मचारियों को मास्क पहनने की समझाईश दी गई। बैंक ऑफ इंडिया में 3 कर्मचारियों तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 2 कर्मचारियों द्वारा मास्क नहीं पहनने जाने पर उनसे पेनल्टी वसूली की गई। बाजार से गुजरते मैजिक वाहनों को चेक किया जाकर उनमें बगैर मास्क पहने पाए जाने पर दो मैजिक वाहनों से पांच सौ रुपए पेनल्टी वसूली की गई। एक मैजिक वाहन जप्त भी किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह की पहल पर कोरोना के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान शुरू किया गया है।

10/5

# कोरोना संक्रमण रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

## लॉकडाउन छोड़कर अन्य सभी उपाय करें, जनता को जागरूक किए जाना आवश्यक

**मंदसौर, 22 मार्च निप्र।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में दोबारा कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है। ऐसे समय में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कोरोना संक्रमण रोकना है। सभी प्रभारी अधिकारी सक्रिय हो जाएँ और अपने-अपने जिलों की रोज मॉनिटरिंग करें। सभी जिले क्राइसिस मैनेजमेंट समूह की बैठक कर जिलों में कोरोना संक्रमण रोकने, टेस्टिंग व उपचार की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आर्थिक गतिविधियाँ प्रभावित न हों तथा जनता को परेशानी न हो, इसके मद्देनजर हमें कोरोना संक्रमण रोकने के लिए लॉकडाउन छोड़कर अन्य सभी उपाय करने होंगे। जनता को जागरूक करना होगा कि सभी मास्क लगाएँ तथा सोशल डिस्टेंसिंग रखें व सभी आवश्यक सावधानियाँ बरतें। इसके लिए जन-प्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि सभी का सक्रिय सहयोग लेना होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज अपने निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव गृह राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी उपस्थित थे।



**भोपाल में सर्वाधिक प्रकरण–** कोरोना की जिलेवार समीक्षा में पाया गया कि भोपाल में सर्वाधिक 382, इंदौर में 326 जबलपुर में 108, बैतूल में 42, ग्वालियर में 41, रतलाम में 38, खरगोन में 35, सागर में 34, उज्जैन में 28, छिंदवाड़ा में 27, बुरहानपुर में 21 तथा खंडवा में 20 नए प्रकरण आए हैं। गत 7 दिनों के औसत के अनुसार प्रदेश में प्रतिदिन औसत 1019 प्रकरण पॉजिटिव आ रहे हैं। प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी रेट 5.3 प्रतिशत हो गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी जिलों में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

**घर पर ही मनाएँ त्यौहार–** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए यह आवश्यक है कि आगामी त्यौहार होली आदि घर पर ही मनाए जाएँ। इन त्यौहारों पर चल समारोह प्रतिबंधित रहेंगे। कहीं भी भीड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**सामाजिक गतिविधियाँ एवं मेले प्रतिबंधित–** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी जिलों में मेले प्रतिबंधित रहेंगे। जिन जिलों में कोरोना के कम प्रकरण हैं, उन्हें छोड़कर शेष सभी में सामाजिक गतिविधियाँ भी प्रतिबंधित रहेंगी। सीमित संख्या के साथ आवश्यक सामाजिक गतिविधियाँ जिला प्रशासन की अनुमति से की जा सकेंगी।

### प्रतिदिन 11 बजे एवं 7 बजे बजेगा कोरोना सायरन

कोरोना से सतर्कता, सजगता एवं सावधानी बरतने की याद दिलाने के लिए 23 मार्च से कुछ दिनों के लिए प्रतिदिन प्रातः 11 बजे एवं सायं 7 बजे कोरोना सायरन बजेगा। मंगलवार 23 मार्च को सुबह 11 बजे जब कोरोना सायरन बजेगा उस समय सभी लोग अपने-अपने स्थानों पर रुक जाएंगे तथा मास्क लगाने एवं सामाजिक दूरी रखने का संकल्प लेंगे। इसके बाद जन-प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, एनसीसी व एनएसएस के कैडेट्स आदि लोगों को मास्क लगवाएंगे तथा सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करेंगे। वे दुकानों के सामने सोशल डिस्टेंसिंग के लिए गोले भी बनवाएंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ---पृष्ठ 17 दिनांक 24/03/2021

**सायरन बजाते हुए निकले अधिकारी और कर्मचारी बिना मास्क वालों के बनाए चालानः** मंगलवार को 59 पॉजीटिव मरीज मिले


# बैंक में बिना मास्क काम कर रहे मैनेजर व कर्मचारियों के बनाए चालान, गुस्से में एएसपी ने बिना मास्क के मैजिक चालक को मारा थप्पड़

करंट इश्यू


## बाजार में बिना मास्क अन्य लोगों पर कार्रवाई के लिए निकला अमला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कलेक्टर ने बनाए दुकान के बाहर गोले



एएसपी का चढ़ा पारा: मैजिक वाहन के ड्राइवर को मारा थप्पड़





रतलाम. कोरोना के बढ़ते मामलों का असर अब अधिकारियों के दिलो-दिमाग पर भी नजर आने लगा है। यही कारण है कि बाजार में बिना मास्क अन्य लोगों पर कार्रवाई के लिए निकले पुलिस- प्रशासन के अमले द्वारा जब बिना मास्क लगाए मैजिक वाहन चला रहे चालक को रोका तो कलेक्टर से चर्चा कर रहे चालक को गुस्से में आकर एसपी डॉ इंद्रजीत बाकलवाल ने थप्पड़ मार दिया। इस घटना को देखकर कोई अचानक से सहम गया। बाद में एएसपी ने खुद को संभाला और मैजिक चालक का चालान बनाकर उसे मास्क देने के बाद छोड़ दिया। इधर, मंगलवार रात मिली रिपोर्ट से हड़कंप मच गया। रतलाम में आई कोरोना जांच रिपोर्ट में रिकॉर्ड तोड़ 59 नए मरीज आए सामने, कोरोना ... रहे मरीज।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सोमवार को निर्देश जारी किए जाने के बाद जिले में मंगलवार से विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इसके तहत सुबह 11 बजे वाहनों से सायरन के साथ सभी 2 मिनट के लिए रुके और कोरोना के विरुद्ध जन जागरण का संकल्प लिया। जनप्रतिनिधि के साथ पुलिस-प्रशासनिक के अधिकारी एवं आमजनों ने मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ खड़े होकर जिलेवासियों को संदेश दिया।

### नाहरपुरा से शुरू की कार्रवाई

प्रशासन की टीम सुबह नाहरपुरा पहुंची और दाल बाटी दुकान के सामने कलेक्टर और एसपी द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग के लिए गोल घेरे बनाए और बिना मास्क बैठे दुकान संचालक का चालान बनाया। इसके साथ ही दुकानदारों को सलाह दी गई कि वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपना कारोबार करें। साथ ही खुद भी मास्क लगाएं और ग्राहकों के भी लगवाएँ।

### ये रहे मौजूद

जन जागरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के साथ कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एएसपी डॉ इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार अनीता चोकोटिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी सहित अन्य अधिकारी एवं शहरवासी मौजूद थे।

### बैंक मैनेजर के बनाए चालान

कलेक्टर और एसपी टीम के साथ घूम रहे थे उस दौरान तोपखाना की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में पहुंचे तो ग्राहक तो मास्क में दिखे लेकिन शाखा प्रबंधकों व कर्मचारी बिना मास्क के दिखा तो उनके चालान बनाकर मास्क दिए। इसी तरह बजाज खाना में बैंक ऑफ इंडिया में 3 कर्मचारी भी बिना मास्क के दिखे तो उनसे भी पेनल्टी वसूली गई। साथ ही कलेक्टर ने चेतावनी भी दी कि यदि अगली बार कर्मचारी बिना मास्क के दिखे तो बैंक बंद करके सील करा दूंगा।

### अपना मास्क अपनी सुरक्षा

कोरोना से बचाव के लिए जनजागरूकता गतिविधि की जा रही है। इसके तहत में जिला चिकित्सालय में सुबह 11 बजे सायरन बजते ही जागरूकता गतिविधि की गई। अस्पताल के बाहर आगंतुक लोगों को मास्क पहनने, बार-बार हाथ धोने का महत्व बताया गया तथा सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए प्रेरित किया, जो लोग मास्क पहनकर नहीं आए थे उनको निःशुल्क मास्क वितरण किया गया। सीएमएचओ के अतिरिक्त आरएमओ डॉ. योगेश नीखरा, एपिडेमियोलॉजिस्टक डॉ. गौरव बोरीवाल आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर से करने लगा बहस

बाजार से गुजरते मैजिक वाहनों को चैक करने के दौरान धानमंडी में एक मैजिक चालक को रोक कलेक्टर ने जब मास्क पहनने का बोला तो बहस करने लगा, नाराज होकर एएसपी बाकलवार ने एक थप्पड़ मारा और गाड़ी से उतारने लगे तो चालक माफी मांगने लगा। चालान बनाकर उसे छोड़ा। हरदेव लाला पीपली पर भी मैजिक चालक का चालान बनाया और कुछ ऑटो रिक्शा चालक व दोपहिया वाहन चालकों के बिना मास्क नजर आने पर चालान बनाने के साथ मास्क वितरित किए गए।

## 38 संस्थाओं पर होगा टीकाकरण

जिले में बुधवार और गुरुवार को 38 स्वास्थ्य संस्थाओं पर कोविड टीकाकरण होगा। इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति एवं 45 वर्ष से 60 वर्ष आयु समूह के कोमॉर्बिडिटी से पीड़ित व्यक्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जन्म दिनांक दर्शाने वाली आई डी लेकर सीधे टीका लगवा सकेंगे। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 6180 लोगों को एक दिन में टीके लगाने का लक्ष्य है। 25% स्थान ऑनलाईन बुकिंग कराने वाले हितग्राहियों के लिए आरक्षित किए गए है। शहर के बाल चिकित्सालय में 500 लोगों एवं मेडिकल कॉलेज में 500 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रहेगा।

पत्रिका

## मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क

# जनता को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है जागरुकता अभियान : मुख्यमंत्री श्री चौहान



सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेशवासियों को हर स्थिति में फिर से फैल रहे कोरोना संक्रमण से बचाना है। इसके लिए जन-जागरूकता अभियान जरूरी है। मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क पर पालन करते हुए हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग करना है। प्रदेश में जागरूकता अभियान शुरु किया जा रहा है। अधिकारी हों या जन-प्रतिनिधि या फिर आम नागरिक, सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएँ। कोरोना का कहर गहरा हो इसके पहले हमें अपने सुरक्षात्मक प्रयास तेज करने होंगे। महाराष्ट्र से लगे हुए जिलों में सावधानी बढ़ानी होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश में मंगलवार 23 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे और शाम 7 बजे सायरन बजने पर सभी लोग दो मिनिट कार्य रोक कर मास्क पहनें, अन्य लोगों को भी मास्क के उपयोग के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर रतलाम एनआईसी कक्ष में विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक जावरा डा. राजेन्द्र पाण्डेय, राजेन्द्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, महेन्द्र गादिया, गोविन्द काकानी, संयुक्त व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी, सुरेन्द्र चत्तर, संजय पारख, आशीष पालीवाल, अमित अग्रवाल, बालकिशन माहेश्वरी, कुशल गोधा सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए मास्क ही सबसे महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए। बीस व्यक्तियों से अधिक की भागीदारी होने पर उस कार्यक्रम या बैठक की अनुमति जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा प्रदान करने का निर्णय लिया जाए। इसके साथ ही मेलों और अन्य उत्सवों के संबंध में भी जिले के परिस्थिति अनुसार स्थानीय स्तर पर आवश्यक निर्णय लिया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों में फेस मास्क की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार सा. शाकम्भरी पृष्ठ 08 दिनांक 21/03/2021

# रतलाम के सीवरेज प्रोजेक्ट में की जा रही गडबडियों को लेकर जनहित याचिका दायर

## जबलपुर में होगी सुनवाई

रतलाम । मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में रतलाम के सीवरेज प्रोजेक्ट में की जा रही गडबडियों को लेकर जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं ने इंदौर खंडपीठ में ये याचिका दायर की थी, लेकिन जबलपुर के सीवरेज प्रोजेक्ट को लेकर उच्च न्यायालय की मुख्य खंडपीठ में याचिका विचाराधीन होने से रतलाम की याचिका की सुनवाई भी वहीं होगी। याचिकाकर्ताओं ने इसके लिए आवेदन दे दिया है।

रतलाम का सीवरेज प्रोजेक्ट आरंभ से गडबडियों का शिकार रहा है। इससे आम जनमानस को ना केवल अभी समस्याओं का सामना करना पड़ा, अपितु भविष्य में कई परेशानियां देखना पड़ सकती है। इन्हीं तथ्यों को लेकर बैंक कालोनी निवासी मुस्तफा स्टेशनवाला एवं एडवोकेट कपिल मजावदिया ने उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में जनहित याचिका प्रस्तुत की थी, जिसे याचिका क्रमांक 13002-20 पर दर्ज किया गया है। इस याचिका में मध्य प्रदेश शासन की ओर से नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव एवं नगर निगम आयुक्त, कलेक्टर रतलाम एवं सीवरेज प्रोजेक्ट का काम कर रही ठेकेदार कपंनी जय बरूडी इन्फ्राकान प्रायवेट लिमिटेड को पक्षकार बनाया गया है।

याचिकाकर्ता के अभिभाषक ऋषिराज त्रिवेदी ने बताया कि इंदौर खंडपीठ में युगल बैंच के जज सुजाय पाल एवं शैलेन्द्र शुक्ला ने सीवरेज प्रोजेक्ट पर जबलपुर में याचिका विचाराधीन होने पर समान प्रकृति का होने से इसे मुख्य खंडपीठ में स्थानांतरित करने को कहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से इस पर न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। याचिका में रतलाम में हो रहे सीवरेज के काम को मापदंडों से विपरीत बताया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत जो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनना है, उनमें भी बदलाव किए जाने से समस्या आएगी, क्योंकि सीवरेज प्लांट की संख्या 6 घटाकर 2 कर दी गई है।

### सूचना के अधिकार पर भी याचिका लंबित

नगर निगम रतलाम के खिलाफ सीवरेज प्रोजेक्ट को लेकर सूचना के अधिकार पर भी उच्च न्यायालय में याचिका लंबित है। एडवोकेट कपिल मजावदिया द्वारा इस संबंध में जो जानकारी मांगी गई थी, वह उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई। इस संबंध में राज्य सूचना आयोग ने निर्देश दिए, लेकिन उसके बाद भी जानकारी नहीं दी गई। इससे असंतुष्ट होकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है।




### शासन ने माना बेतरतीब तरीके से हुआ कार्य

नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के प्रमुख अभियंता ने रतलाम में सीवरेज कार्यों का निरीक्षण कर 2 अक्टूबर 2017 को जो प्रतिवेदन दिया। उसमें स्पष्ट लिखा था कि बेतरतीब तरीके से कार्य किए जाने की स्थिति परिलक्षित हुई है। इस प्रतिवेदन में कई तकनीकी खामियों का जिक्र करते हुए प्रमुख अभियंता ने निर्देश दिए थे कि जब तक उपकरण पूरे नहीं हो, तब तक नई खुदाई नहीं की जाए, लेकिन इसके बाद भी सभी नियमों को ताक में रखकर ठेकेदार ने कार्य किया। प्रमुख अभियंता ने स्तरहीन कार्य को सुधारने के लिए विभिन्न निर्देश दिए थे, लेकिन उनका भी पालन नहीं हुआ। इस प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख था कि नगर निगम के इंजीनियर की जिम्मेदारी होगी। यदि एक महीने में सारी स्थिति को ठीक नहीं करता है, तो उसका ठेका निरस्त किया जाए और प्रावधान अनुसार उसके विरूद्ध पेनल्टी लगाई जाए, मगर लेकिन नगर निगम द्वारा जिम्मेदारी दिए जाने के बाद भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है।

सा. शाकम्भरी/21

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 2/... दिनांक 24/03/2021

219

## मुख्यमंत्री ने किया संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ

# कोरोना से खुद भी बचें और दूसरों को भी बचाएं: सीएम




भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना वायरस से हर किसी को बचना है, अन्य लोगों को भी बचाना है। तीन उपायों- मेरी सुरक्षा मेरा मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और बार-बार साबुन अथवा सेनेटाइजर से हाथ साफ करने से हम इससे बच सकते हैं।

श्री चौहान मंगलवार को पुराने भोपाल शहर के भवानी चौक में कोरोना से बचाव के जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आमजन और दुकानदारों को मास्क वितरित किए। उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करने वाले सर्किल भी चाक से निर्मित किए। श्री चौहान के साथ पूर्व महापौर आलोक शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कोरोना को हराने के लिए सभी इकट्ठे हो जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की दूसरी वेव आ गई है। पॉजीटिव मिलने वाले प्रकरण बढ़ रहे हैं। हम सभी को सावधान रहना होगा। यदि लापरवाही करते हैं, तो अपने, अपने परिवार, अपने प्रदेश और देश के लिए हम खतरा पैदा करेंगे। स्थिति भयावह न हो, इसलिए प्रत्येक नागरिक कोरोना से अपना बचाव करे। लापरवाही भारी न पड़े जाए, इसलिए सावधानियों का पालन किया जाए। सामाजिक संगठन, धर्मगुरु इस कार्य में सहयोग करें। त्यौहारों पर भीड़ न हो। 'मेरी होली मेरे घर' का पालन हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकान के बाहर सर्किल (गोले) निर्मित कर सुरक्षा रखी जाए। दुकानदार अपनी दुकान में सेनेटाइजर अवश्य रखें, स्वयं मास्क पहनें और ग्राहकों को भी मास्क पहनने के लिए भी प्रेरित करें। अपनी एवं बाकी सभी की सुरक्षा हमारा दायित्व है। सिर्फ सरकार यह कार्य नहीं कर सकती। जनसहयोग से ही हम कोरोना वायरस को परास्त कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कर्फ्यू वाली माता के मंदिर में दर्शन किए तथा माथा टेका।

### गृह मंत्री नरोतम मिश्रा ने मास्क वितरित कर लोगों से की कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील

भोपाल, (प्रसं)। प्रदेश के गृह मंत्री नरोतम मिश्रा ने मंगलवार को यहां लोगों को मास्क वितरित कर कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। श्री मिश्रा ने यहां न्यू मार्केट में लोगों को मास्क वितरित किया और कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग की जागरूकता के लिए लोगों के साथ मिलकर दुकानों के सामने गोले बनाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण फैलने से रोकने में मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग की अहम भूमिका है। गृह मंत्री ने न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना भी की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए दुनिया को जल्द से जल्द कोरोना महामारी से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की।

### कोरोना से बचने जागरूकता के लिए मध्यप्रदेश में बजाया गया सायरन

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुरूप मंगलवार को दिन में 11 बजे राज्य में सभी शहरों, नगरों और अन्य स्थानों पर दो मिनट के लिए प्रतीक स्वरूप सायरन बजाकर आम लोगों को कोरोना से बचने के लिए सचेत करने के संबंध में जागरूकता अभियान शुरू किया गया। श्री चौहान ने यहां भवानी चौक पहुंचकर इस अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि आज भोपाल में कोरोना संक्रमण के 400 से अधिक मामले सामने आए हैं। पूरे प्रदेश में 1500 से अधिक नए प्रकरण दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम नहीं संभले, तो स्थिति भयावह हो जाएगी। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों से भी कोरोना के खिलाफ अभियान में एकसाथ आने का आह्वान करते हुए कहा कि राजनीति के लिए समय बहुत रहेगा। अभी हम सबको कोरोना को परास्त करना है। इसी तरह राजधानी भोपाल में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न मंत्री और भाजपा नेताओं ने जागरूकता अभियान में शिरकत की। इसके अलावा राज्य में कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर समेत सभी 52 जिलों में प्रतीक स्वरूप दो मिनट के लिए सायरन बजाया गया। इस दौरान लोगों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे मॉस्क जरूर लगाएं। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और सैनिटाइजर का उपयोग करें।

### सीएम ने दिलाया मापदंडों को पालन करने का संकल्प

श्री चौहान ने लोगों मॉस्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा अन्य मापदंडों को पालन करने का संकल्प भी दिलाया। श्री चौहान ने कहा कि होली और अन्य त्यौहार भी लोग अपने घर पर ही मनाएं। ऐसा करने से हम कोरोना महामारी पर प्रभावी नियंत्रण पा सकेंगे। इसके अलावा आज ही शाम को सात बजे भी सायरन बजेगा। तब भी लोग अपने स्थानों पर ठहरकर सुनिश्चित करेंगे कि उन्होंने स्वयं और आसपास के लोगों ने मॉस्क पहना हुआ है अथवा नहीं।

### प्रदेश में सक्रिय मामले आठ हजार के पार

दरअसल पिछले दो सप्ताह से राज्य में कोरोना संबंधी मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सक्रिय मामलों की संख्या आठ हजार को पार कर गई है, जबकि बीच में यह डेढ़ हजार के आसपास आ गई थी। इसके अलावा पांच प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर से प्रतिदिन कम से कम 1300 नए मामले भी सामने आ रहे हैं। कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित इंदौर, भोपाल और जबलपुर शहर हैं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता कोरोना संक्रमण रोकने की है, लेकिन प्रयास रहेगा कि आर्थिक गतिविधियां नहीं रुकें। मॉस्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य मापदंडों को अपनाकर कोरोना पर फिर से मजबूती से काबू पाया जा सकता है। इसी क्रम में जनजागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 18 दिनांक 24/03/2021

**नगर निगम बजट** • बचत लगातार तीसरे साल लाखों में, नगर निगम आयुक्त तक पहुंचा बजट, प्रशासक की मंजूरी के बाद होगा ला-

# कोई नया कर लगेगा न बढ़ेगा, सड़कों के लिए सबसे ज्यादा फंड मिलेगा, सालभर का खर्च 4.52 अरब रुपए, बचत 46.20 लाख

**भास्कर ब्रेकिंग**

**• कोविड 19 में खाली हुआ खजाना, अनुदान भी आधा**

शिवेंद्र दुबे | रतलाम

सीवरेज और पाइप लाइन की खुदाई से खराब हुई शहर की सड़कें इस साल सुधरने की उम्मीद है। नगर निगम ने 2021-22 के लिए जो अनुमानित 4.52 अरब खर्च का बजट बनाया है, उसमें सर्वाधिक फंड सड़कों के लिए ही रखा है। वहीं न तो कोई नया लगाने का प्रस्ताव है, न बढ़ाने का। इस कारण लगातार तीसरे साल अनुमानित बचत भी 46.20 लाख तक सिमट गई है, 2018-19 से पहले करोड़ से ज्यादा रहती थी। इसका जिम्मेदार भी नगर निगम का अमला ही है, जो अप्रैल से फरवरी तक 11 माह में संपत्ति और जलकर के टारगेट 35.2 करोड़ में से महज 12.04 करोड़ की ही वसूली कर पाया है। इतना ही नहीं कोविड-19 के कारण सरकार का खजाना खाली हो गया है जिससे विकास कार्यों के लिए निगम को अनुदान भी 85 करोड़ में से सिर्फ 44.69 करोड़ ही मिल पाया।

फिलहाल निगम का अनुमानित बजट तैयार होकर आयुक्त तक पहुंच गया है। उनकी स्वीकृति के बाद इसे प्रशासक और कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उनकी मुहर लगते ही बजट लागू हो जाएगा। संभावना है कि 31 मार्च के पहले निगम का बजट पास हो जाएगा।

कलेक्टर और नगर निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने बताया नगर निगम का अनुमानित बजट तैयार हो रहा है। यह तय है कि सड़क के साथ पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए पर्याप्त फंड रखेंगे। आय और व्यय का रेशो देखकर कर राशि पर फैसला लेंगे।

**करोड़ की बचत, तीसरे साल लाखों में**

| वर्ष | बजट | बचत |
|---|---|---|
| 2021-22 | 4.52 अरब | 46.20 लाख |
| 2020-21 | 3.38 अरब | 24.54 लाख |
| 2019-20 | 7.83 अरब | 38.20 लाख |
| 2018-19 | 5.21 अरब | 1.39 करोड़ |
| 2017-18 | 5.59 अरब | 4.28 करोड़ |
| 2016-17 | 3.26 अरब | 1.42 करोड़ |

(2021-22 के आंकड़े अनुमानित, 2016 से 2020 तक के आय-व्यय पत्रक के अनुसार)

**अनुदान पाने में भी फिसड्डी** (आंकड़े करोड़ में)

| मद | 2019-20 अनुमान/मिला | 2020-21 अनुमान/मिला | 2021-22 में उम्मीद |
|---|---|---|---|
| मूलभूत विकास | 9/6.9 | 10/4.11 | 8 |
| चुंगी क्षतिपूर्ति | 60/42 | 60/36 | 55 |
| स्टॉम्प ड्यूटी | 8/0.80 | 8/2 | 8.50 |
| राज्य वित्त आयोग | 3/2.4 | 3/0.90 | 3 |
| सड़क अनुरक्षण | 4/2.80 | 4/1.68 | 4 |
| कुल | 84/54.9 | 85/44.69 | 78.50 |

**कर की वसूली में भी फिसड्डी**




**खुदी सड़कों को सुधारने के लिए यह है निगम की योजना**

- कॉलोनियों की 153 किमी लंबी सड़कें जिनकी हालत बहुत खराब है, उन्हें डामरीकरण या सीसी करके सुधारा जाएगा।
- दिलबहार चौराहा से लोकेंद्र टॉकिज, आबकारी चौराहा से त्रिपोलिया गेट, फ्रीगंज से दो बत्ती चौराहा, पैलेस रोड से निगम तिहारा तक की सड़कों को फोरलेन में बदला जाएगा।
- 8.5 किमी लंबे इनर सिटी रिंग रोड को पूरा बनाया जाएगा। इसमें से 2.5 किमी लंबा बन चुका, अब ऑफिसर कॉलोनी से त्रिपोलिया गेट, बाजना बस स्टैंड होकर सैलाना बस स्टैंड तक के बाकी 6 किमी लंबा बनेगा।
- राम मंदिर तिराहा से कॉमर्स कॉलेज, आजाद चौक से बाजना बस स्टैंड, आजाद चौक से घास बाजार, घास बाजार से हरमाला रोड, नाहरपुरा तिराहा से डालू मोदी बाजार, शहीद चौक से रानीजी मंदिर और हरदेवलाला पीपल से नाहरपुरा चौराहा सहित 3.78 किमी सड़क को अपग्रेड किया जाएगा।

भास्कर



# जन अभियान परिषद ने मास्क वितरित कर गोले बनाए

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आव्हान पर सायरन कि आवाज के साथ म.प्र. जन अभियान परिषद जिला रतलाम कि नवांकुर संस्था प्रगति नेचुरल एण्ड सोशल डव्लपमेंट सोसायटी रतलाम के द्वारा अलकापुरी चौराहे रतलाम पर मेरी सुरक्षा- मेरा मास्क अभियान को जन अभियान बनाने के लिये करते हुए हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग करने हेतु समझाईश दी गयी तथा बिना मास्क गुजरने वालों को निःशुल्क मास्क वितरित किये गये, सामाजिक दूरी बनाये रखने के लिये दुकानों के आगे गोले बनवाये गये।

म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में कोरोना से मुक्ति के लिये जागरूकता अभियान कि शुरूआत हुई इस अभियान को सफल बनाने के लिये हर नागरिक को मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क अभियान से जुड़कर जिले को कोरोना मुक्त बनाने के लिये मास्क पहनना और सामाजिक दूरी का पालन अवश्य करें। इस अवसर पर परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, समाजसेवी राकेश मिश्रा, सचिन तिवारी, राकेश पांचाल, संस्था अध्यक्ष शैलेन्द्र सिसौदिया, बब्लु, रंजीत, मितेश जैन, सुमित, कमलेश, कपिल, रियाज अहमद, सरदार कछवा, धिलु दरबार, अनु, करण, पंकज, आदि ने उपस्थित रहे।

# नगर में नगर निगम के अनुभवहीन इंजीनियर्स और जवाबदार अधिकारियों की आपसी मिलीभगत तथा उच्चस्तर के भ्रष्टाचार के चलते शहर के लिए तीन वर्ष पूर्व बनाई योजना पर पानी फिरता नजर आ रहा है?

**(क्या प्रदेश सरकार तथा नगर विधायक ऐसे गैर जवाबदार अधिकारियों, अनुभवहीन इंजीनियर्स को तुरंत रतलाम से हटवाएंगे?)**

रतलाम। आम जनता में चल रही चर्चा तथा दैनिक भास्कर रतलाम दि. 16-3-2021 के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार निगम के जवाबदारों द्वारा योजना बनाने में हुई अफसरों की लापरवाही तथा ठेकेदारों के साथ आपसी मिलीभगत के चलते रतलाम के नालों को तीन वर्षों में भी पक्का नहीं बनाया जा सका तथा सीवरेज लाईन बनाने में चल रही मनमानी तथा लापरवाही के चलते शहर की सड़कें चारों तरफ खुदाई करने के बाद पुनः सही ढंग से रिपेयर नहीं करने के कारण शहर के चौराहों का सौंदर्यीकरण भी अटक गया है तथा नगर निगम तथा हमारे जवाबदार राजनेताओं ने रतलाम के विकास के लिए जो सरसब्ज बाग दिखाए थे वो शायद अधर में लटकते दिखाई देते है।

रतलाम की जनता में चर्चा है कि क्या रतलाम को प्रदेश शासन द्वारा शायद भ्रष्टाचार का चारागाह बना दिया दिखाई देता है जिसके कारण भ्रष्टाचारियों पर भारी लूट के बाद यहां से ट्रांसफर हो जाने के बाद भी पुनः उनको रतलाम पोस्टिंग किस आधार पर दी जाती है? कहीं ऐसा तो नहीं कि भ्रष्टाचारी का ट्रांसफर केवल जनता को संतोष दिलाने के लिए कुछ समय के लिए कर पुनः आपसी सेटिंग से उन्हें और ज्यादा भ्रष्टाचार और लूटपाट के लिए रतलाम भेज दिया जाता है या स्थानीय राजनेताओं की मांग पर ऐसे जी-हजूरियां कर्मचारियों को उनकी मर्जी के माफिक पोस्टिंग कर दी जाती है ताकि वो वापस रतलाम में रहकर उनके द्वारा किए गए गोलमाल की फाइलों में से उन तमाम कागजातों (सबूतों) को बड़ी आसानी से नष्ट कर अपने आपको कानून की नजर में बेदाग साबित कर सके?

क्या रतलाम विधायक ऐसे उन तमाम अधिकारियों को रतलाम से बाहर तुरंत ट्रांसफर करवाएंगे जिन पर भ्रष्टाचार के प्रकरण चल रहे हैं और वे जमानत पर होते हुए व रतलाम से ट्रांसफर हो जाने के बाद भी पुनः रतलाम में उनकी पोस्टिंग कैसे हो गई? तथा अनुभवहीन अधिकारियों को जो शहर के लिए सुदृढ़ विकास की योजना बनाने के बजाय काम धकाऊ योजनाएं बनाकर जनता के धन की लूटमार करवा रहे हैं ऐसे तमाम लोगों, अधिकारियों को तुरंत रतलाम जिले से बाहर ट्रांसफर करवाया जावे? अभी तो यही चल रहा है कि थोथा चना बाजे घना वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। जनता में चर्चा है कि रतलाम नगर पालिक निगम में पिछले 10-15 वर्षों में जितनी लूट व भ्रष्टाचार हुआ है कि क्या नगर विधायक श्री चेतन्य काश्यप तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान सीएमजी से जांच करवाएंगे तथा दोषी तमाम अधिकारियों और भ्रष्टाचारियों को कठोर सजा दिलवाएंगे?

## प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान से अपेक्षा है कि प्रदेश के कार्यालयों में बैठे भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों के विरुद्ध आजन्म कारावास की सजा का कानून बनावें?

रतलाम। आम जनता में चर्चा है कि प्रदेश के कार्यालय में भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों की भरमार दिखाई देती है जिसके कारण आए दिन अधिकारी, कर्मचारी रिश्वत लेते रंगेहाथों आए दिन लोकायुक्त पुलिस द्वारा पकड़े जा रहे हैं।

आम जनता में चर्चा है कि ऐसे भ्रष्ट व रिश्वतखोर अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध प्रदेश में आजन्म कारावास की सजा का कानून में प्रावधान हो और उसकी सम्पत्ति जब्त करने का भी उसमें प्रावधान होना चाहिए। कोर्ट में प्रकरण लंबा खिंचने के बजाय भ्रष्टाचार का मामला हो या रिश्वत लेने वाले व्यक्ति का सीधा ब्रेन एनालिसिस करवाना चाहिए ताकि जुल्म में पकड़ाए व्यक्ति खुद अपनी गलती कबूल कर लें। क्योंकि देखने में आया है कि कई मामलों में व्यक्ति कोर्ट में बयान देने के बाद भी वापस अपने बयान से पलट जाता है। कभी यह भी सुना है कि पुलिस वाले लोगों से अपनी बात मनवाने के लिए... (शेष पेज 4 पर)

# दुकानदारों को दिए मास्क, पेनाल्टी भी वसूली

## गोले बनाकर कलेक्टर–एसपी ने दी मास्क पहनने की समझाइश

रतलाम। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए मंगलवार से जिले में भी विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया। प्रात: 11 बजे वाहनों से सायरन के साथ सभी लोग दो मिनट के लिए रुके और कोरोना के विरुद्ध जनजागरण का संकल्प लिया।

जनजागरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एएसपी इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार अनीता चोकोटिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी सहित अन्य अधिकारी एवं शहरवासी मौजूद थे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर के डालूमोदी बाजार, माणकचौक, बजाज खाना, तोपखाना इत्यादि क्षेत्रों में बिना मास्क के घूम रहे लोगों को मास्क वितरित कर उन्हें समझाया कि कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाना जरूरी है। डालूमोदी बाजार में कलेक्टर व एसपी द्वारा अन्नपूर्णा दाल बाटी सेंटर पर पेंट से गोल घेरे अपने हाथों से बनाकर शारीरिक दूरी रखने का संदेश दिया गया। यहां दुकान संचालक के बगैर मास्क पाए जाने पर पेनाल्टी वसूली गई।

**बैंक में बगैर मास्क पहने बैठे कर्मचारियों से वसूली पेनाल्टी**

कलेक्टर व एसपी द्वारा स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा, बैंक आफ इंडिया की शाखाओं में पहुंचकर प्रबंधकों, कर्मचारियों को मास्क पहनने की समझाइश दी। बैंक आफ इंडिया में तीन कर्मचारियों तथा स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा में दो कर्मचारियों द्वारा मास्क नहीं पहनने पर उनसे पेनाल्टी वसूली गई।



रतलाम में दुकान के बाहर गोला बनाते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड। • नईदुनिया

**अपना मास्क–अपनी सुरक्षा**

सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि जिला चिकित्सालय में प्रात: 11 बजे सायरन बजते ही बाहर से आए लोगों को मास्क पहनने, बार बार हाथ धोने तथा शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आरएमओ डा. योगेश नीखरा, एपिडेमियोलाजिस्ट डा. गौरव बोरीवाल आदि ने सहभागिता की।

**38 केंद्रों पर होगा टीकाकरण**

जिले में बुधवार और गुरुवार को के टीकाकरण सत्रों के लिए 6180 लोगों को एक दिन में टीके लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। टीके लगाने के लिए पच्चीस प्रतिशत स्थान आनलाइन बुकिंग कराने वाले हितग्राहियों के लिए आरक्षित किए गए हैं। शहर के बाल चिकित्सालय व मेडिकल कालेज में 500-500 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रहेगा।

## एएसपी ने मैजिक चालक को मारा थप्पड़, लोगों ने बनाया वीडियो

जनजागरूकता कार्यक्रम में बाजार से गुजरते मैजिक वाहनों को भी चेक किया गया। इस दौरान धानमंडी में एक मैजिक चालक बगैर मास्क के मिला तो कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने उसे समझाइश दी। इस पर वह बहस करने लगा तो पीछे खड़े एएसपी इंद्रजीत बाकरवाल ने तैश में आकर चालक को दो–तीन थप्पड़ मार दिए और उसे खींचकर वाहन से नीचे उतारने लगे।

इस दौरान वहां खड़े अन्य लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इधर मास्क नहीं होने पर दो मैजिक वाहनों से पांच सौ रुपये पेनाल्टी वसूली कर एक मैजिक वाहन जब्त भी किया गया।



मैजिक चालक को थप्पड़ मारते हुए एएसपी इंद्रजीत बाकरवाल। • नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 03 दिनांक 24/03/2021

## 55 सफाई कर्मचारी फिर ड्यूटी से गैर-हाजिर मिले

रतलाम | दो दिन में सफाई के चार जोन में 55 कर्मचारी बिना अनुमति के गैरहाजिर मिले। इनमें मंगलवार को 20 और सोमवार को 35 अनुपस्थित मिले। आयुक्त ने वेतन काटने, अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने तथा स्थायी कर्मचारियों के निलंबन पर जवाब मांगा है। गंदगी फैलाने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया। इनमें कमल नेनू माणकचौक पर 1000 रुपए, अनुपम माणकचौक पर 900 रुपए, यादव रेस्टोरेंट पर 200 रुपए, पंजाब साइकिल नाहरपुरा चौराहा, अर्पित, समीर माणकचौक, गीता हरदेवलाला की पीपली पर 100 रुपए तथा कमला हरदेवलाला की पीपली पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया।

भास्कर

## महिला सफाई संरक्षक निलंबित व 3 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

रतलाम । लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित वार्ड क्रमांक 01 की महिला सफाई संरक्षक विमलाबाई-बाबु को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा निलंबित किया गया इसके अलावा वार्ड क्रमांक 01 के 30 दिवस सफाई संरक्षक मनीष-मुकेश व कचरा संग्रहण वाहन के हैल्पर जितेन्द्र-प्रहलाद व अभिषेक-विनोद जो कि लम्बे समय से बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित थे को सेवा से बर्खास्त किया गया।

प्रजा दर्पण 22

## अनुपस्थित 11 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 21 मार्च रविवार को बिना सूचना के 11 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दि[illegible] का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा [illegible] बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित [illegible] जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया [illegible]या।

अग्निबाण 23